# महाविद्यालय की नवाचार की बयार

शासकीय नवीन महाविद्यालय, कुई–कुकदूर कबीरधाम जिले के सुदूर वनांचल क्षेत्र में उच्च शिक्षा की अलख जगाने के साथ विद्यार्थियों एवं स्टाफ हेतु लगातार नवाचार से प्रेरित कार्य कर रहा है। विद्यार्थियों में आत्मविश्वास के साथ उन्हें आज की तकनीक से परिचित कराकर समर्थ, सशक्त एवं विकसित भारत के जागरूक युवा के रूप में गढ़ने का कार्य किया जा रहा है। नवाचार की बयार के अंतर्गत महाविद्यालय में निम्नलिखित नवोन्मेषी विचारों को मूर्तरूप प्रदान किया गया है।

**फैकल्टी एनरिचमेंट प्रोग्राम** :- प्रति शुक्रवार को प्रत्येक विभाग के शिक्षक के द्वारा उनके विषय से संबधित किसी समसामयिक विषय पर 50 मिनट का व्याख्यान पॉवर पॉइंट के माध्यम से किया जाता है। अंत में 10 से 20 मिनट तक विभिन्न प्रश्न एवं तत्संबंध में विषय पर चर्चा की जाती है। वर्ष विद्यार्थियों के 2026 से प्रारंभ इस फैकल्टी एनरिचमेंट प्रोग्राम की कुल 11 कड़ियाँ संपन्न हो चुकी हैं।

**फैकल्टी डेवलेपमेंट प्रोग्राम** :- महाविद्यालय में सत्र 2026 से शिक्षकों के शिक्षण कौशल, अनुसंधान क्षमताओं तथा तकनीकी ज्ञान को बढ़ाने के लिए विभिन्न विषयों पर विशेष प्रशिक्षण आयोजित किया जाता है जिसका लाभ विद्यार्थियों को प्राप्त हो सके।

**एम ओ यू पर हस्ताक्षर** :- महाविद्यालय द्वारा क्षेत्र के एवं राज्य के महाविद्यालयों में उपलब्ध मानव संभावनाओं एवं संसाधनों का विद्यार्थियों एवं प्रदेश के हित में अधिकतम एवं अनुकुलतम उपयोग करने हेतु 06 महाविद्यालयों के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया गया है एवं तदनुसार व्याख्यानमाला का आयोजन भी किया जा रहा है।

**स्टूडेंट डेवलपमेंट प्रोग्राम** :- विद्यार्थियों के क्षमता एवं कौशल संवर्धन, सम्प्रेषण कौशल, व्यक्तित्व विकास एवं समग्र विकास के साथ उनके करियर के सबंध में विशेषज्ञों को आमंत्रित कर व्याख्यान, कार्यशाला, संगोठी एवं चर्चा हेतु स्टूडेंट डेवलपमेंट प्रोग्राम वर्ष 2026 से प्रारंभ किया गया है।

**विभागीय परिषदों का गठन** :- महाविद्यालय के समस्त विभागों में विभागीय परिषदों का गठन वर्ष 2026 में किया गया है। इस परिषद् के माध्यम से विद्यार्थी अपनी कला को आयाम देते हुए परिषद् के अंतर्गत आयोजित होने वाले समस्त कार्यक्रमों में अपनी सक्रिय एवं रचनात्मक भागीदारी सुनिश्चित कर रहे हैं।

**सरस्वती मुक्ताकाश मंच एवं ज्ञान पंथ** :- महाविद्यालय में विद्यार्थियों के हितार्थ पाठ्यक्रम के विषयों के अतिरिक्त अन्य समसामयिक विषयों एवं विद्यार्थियों से संबधित विषयों पर सार्थक चर्चा हेतु महाविद्यालय प्रांगण के उद्यान में छायादार वृक्षों के नीचे ''**सरस्वती मुक्ताकाश मंच** '' एवं ''**ज्ञान पथ**'' की स्थापना की गई है। यह मंच एवं पथ विद्यार्थियों को गुरूकुल परंपरा के अनुरूप भारतीय ज्ञान पद्धति से परिचय कराने का एक सशक्त स्थल है।

**इंग्लिश स्पीकिंग क्लब एवं इंग्लिश क्लिनिक** :- विद्याथियों को अंग्रेजी में होने वाली समस्याओं के समाधान हेतु इंग्लिश क्लिनिक एवं विद्यार्थियों, शिक्षकों, पालकों एवं अन्य सभी ग्रामीणों को अंग्रेजी बोलचाल हेतु प्रेरित करने के उद्देश्य से इंग्लिश स्पीकिंग क्लब प्रारंभ किया गया है।

**संस्थागत सामाजिक दायित्व** :- इंस्टीट्यूशनल सोशल रेस्पान्सिबिलिटी (संस्थागत सामाजिक दायित्व) के अंतर्गत महाविद्यालय द्वारा महाविद्यालय के क्षेत्राधिकार के विद्यालयों में विद्यार्थियों एवं समाज के हितार्थ महाविद्यालय के शिक्षकों द्वारा विभिन्न विषयों, करियर सबंधित, भाषायी कौशल, सम्प्रेषण कला, व्यंतिव विकास इत्यादि पर समय समय पर चर्चा, कार्यशाला एवं व्याख्यान आयोजित किए जाएंगे। इस हेतु समस्त उच्चतर माध्यमिक शालाओं से लींकेज किया जा रहा है।